# कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध
चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक / 9451 / स्था. / 2025 राजनांदगांव,दिनांक 26 / 12 / 2025

प्रति,

समस्त कर्मचारी,
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी
स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

विषय :— दिनांक 29.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल / धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के पूर्व सूचना के सम्बन्ध में।

संदर्भ :— छ0ग0 नर्सिंग एसोसिशन का पत्र क्रमांक / 04 / दिनांक 24.12.2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्रानुसार आपके द्वारा दिनांक 29.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक तीन दिवसीय निश्चितकालीन हड़ताल में सम्मिलित होने की सूचना प्रदान की गई है। छ0ग0 सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 2—3 / 1 / 9 / 2006, दिनांक 10 अप्रैल, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार प्रदर्शन तथा हड़ताल स्वीकृत होने के पूर्व अवकाश पर प्रस्थान शासकीय सेवकों के लिये प्रतिबंधित है।

विदित हो कि आप सभी कर्मचारी आपातकालीन चिकित्सकीय सेवाओं के श्रेणी में आते है। अतः आपको सामूहिक अवकाश / हड़ताल / धरना प्रदर्शन में जाने की स्वीकृति / अनुमति प्रदान नहीं की जाती है। यदि कोई कर्मचारी सामूहिक अवकाश / हड़ताल / धरना प्रदर्शन में जाते है तो उन पर शासन के नियमानुसार अनुशासत्मक / दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

for 26/12/25

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / / स्था. / 2025 राजनांदगांव, दिनांक : / 12 / 2025

<u>प्रतिलिपि :—</u>

01. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर—19, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. संचालक चिकित्सा शिक्षा, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर—19, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. अधिष्ठाता, भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
04. कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
05. उप अस्पताल अधीक्षक, स्थानीय कार्यालय की ओर सूचनार्थ।

निरन्तर...............